# उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
# U.P. Power Corporation Limited
( Govt. of Uttar Pradesh Undertaking )
14–अशोक मार्ग, शक्ति भवन, लखनऊ ।

संख्या–1451–अरा–09(ब)/पाकालि/12–93–अरा0(09ब)/07(टी0सी0) दिनांक 25 जून, 2012

समस्त डिस्कामों के अधीनस्थ
समस्त मुख्य अभियन्ता (वितरण क्षेत्र)

विषयः– वरिष्ठता के आधार पर टी0जी0–2 से अवर अभियन्ता (प्रभारी) पद पर तैनात किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कारपोरेशन मुख्यालय के संज्ञान में आया है कि विभिन्न डिस्कामों के अधीनस्थ क्षेत्रीय/मण्डलीय/खण्डीय स्तर पर अवर अभियन्ताओं की अत्यधिक कमी है। इसी के दृष्टिगत कार्यहित में यह निर्देशित किया जाता है यदि उनके क्षेत्र में अवर अभियन्ताओं की वास्तव में कमी है, तथा टी0जी0–2 से अवर अभियन्ता प्रभारी पद पर तैनाती किया जाना अत्यन्त आवश्यक प्रतीत होता है तो ऐसी परिस्थिति में मुख्य अभियन्ता अपनी अध्यक्षता में निर्णय लिये जाने हेतु निम्नवत् एक समिति का गठन किया जाना सुनिश्चित करेंगे। उपरोक्तानुसार अपेक्षित कार्यवाही वरीयता एवं श्रेष्ठता के अनुसार किया जाना सुनिश्चित करें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | मुख्य अभियन्ता (वितरण क्षेत्र) | – | अध्यक्ष |
| 2 | अधीक्षण अभियन्ता, (सम्बद्ध) कार्यालय मुख्य अभियन्ता (वितरण क्षेत्र) | – | सदस्य |
| 3 | अधीक्षण अभियन्ता सम्बन्धित विद्युत नगरीय/ वितरण मण्डल | – | सदस्य |

2 कृपया अवगत हो कि भविष्य में यदि किसी खण्ड/मण्डल में कोई कनिष्ठ टी0जी0–2 बिना उक्त समिति के अनुमोदन के कार्यरत पाया जायेगा उस दशा में सम्बन्धित खण्डीय/मण्डलीय अभियन्ता के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किया जाना बाध्यता होगी।

भवदीय,

( ओ0पी0 जैन )
निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0)

संख्या– 1451 (1)–अरा–09(ब)/पाकालि/12 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1 प्रबन्ध निदेशक, मध्यान्चल विद्युत वितरण निगम लि0/पश्चिमान्चल विद्युत वितरण निगम लि0/पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लि0/दक्षिणान्चल विद्युत वितरण निगम लि0,/कैस्को/लखनऊ, मेरठ वाराणसी, आगरा, कानपुर।
2 मुख्य अभियन्ता (जल विद्युत), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
3 मुख्य अभियन्ता (ट्रान्समिशन), उ0प्र0 ट्रान्सको, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
4 मुख्य अभियन्ता (जानपद– वितरण) शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
5 उप महाप्रबन्धक (औद्योगिक सम्बन्ध), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
6 उप विधि अधिकारी, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।

( ओ0पी0 जैन )
निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0)